# अध्याय - 3 | जल संसाधन

## QUIZ-01

1. **शहरी क्षेत्रों में जल संकट का मुख्य कारण क्या है?**
   A. अधिक वार्षिक वर्षा
   B. छोटी जनसंख्या
   C. भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन
   D. कृषि में जल का कम उपयोग (C)

***व्याख्या :*** शहरी क्षेत्रों में अधिकांश कॉलोनियों में निजी बोरवेल होते हैं, जिससे जल स्रोतों का अत्यधिक दोहन होता है।

2. **भाखड़ा-नांगल परियोजना किस उद्देश्य की पूर्ति करती है?**
   A. केवल विद्युत उत्पादन
   B. केवल बाढ़ नियंत्रण
   C. सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन दोनों
   D. केवल पीने के पानी की आपूर्ति (C)

***व्याख्या :*** यह सतलुज-व्यास नदी बेसिन में सिंचाई और जलविद्युत दोनों के लिए उपयोग होती है।

3. **जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. बड़े बाँध बनाना
   B. वर्षा की मात्रा बढ़ाना
   C. प्रत्येक ग्रामीण घर में पाइप से पीने योग्य जल उपलब्ध कराना
   D. शहरों में वर्षा जल संचयन (C)

***व्याख्या :*** जल जीवन मिशन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर को 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन शुद्ध जल उपलब्ध कराना है।

4. **राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण के लिए कौन सी पारंपरिक विधि का उपयोग किया जाता है?**
   A. गुल्स
   B. टांका
   C. बाढ़ नहरें
   D. बांस की नलियाँ (B)

***व्याख्या :*** टांका एक भूमिगत टंकी होती है जिसे राजस्थान के सूखे क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण के लिए उपयोग किया जाता है।

5. **हाल के वर्षों में बहुद्देशीय परियोजनाओं की आलोचना क्यों हुई है?**
   A. वे बिजली प्रदान करती हैं
   B. वे भूमिगत जल बढ़ाती हैं
   C. वे बाढ़ लाती हैं और लोगों को विस्थापित करती हैं
   D. वे जलीय जीवन को बेहतर बनाती हैं (C)

***व्याख्या :*** इन परियोजनाओं के कारण बाढ़, मृदा अपरदन और लोगों का विस्थापन हुआ है।

6. **किस राज्य ने सबसे पहले वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया?**
   A. राजस्थान
   B. तमिलनाडु
   C. गुजरात
   D. कर्नाटक (B)

***व्याख्या :*** तमिलनाडु ने घरों में छत पर वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया।

7. **कौन-सी सिंचाई प्रणाली बांस की नलियों का उपयोग करती है?**
   A. टांका B. खडीन
   C. बांस ड्रिप सिंचाई D. गुल (C)

***व्याख्या :*** मेघालय में बांस की नलियाँ प्राकृतिक जल स्रोतों से पौधों तक पानी पहुँचाने में उपयोग होती हैं।

8. **अत्यधिक सिंचाई का प्रमुख पारिस्थितिक प्रभाव क्या है?**
   A. मछली पालन में वृद्धि
   B. मृदा का लवणीयकरण
   C. वर्षा में वृद्धि
   D. नई नदियों का निर्माण (B)

***व्याख्या :*** लगातार सिंचाई से मिट्टी में नमक जमने लगता है, जिससे उपजाऊपन घटता है।

9. **अटल भूजल योजना का उद्देश्य क्या है?**
   A. जल-प्रधान फसलों को बढ़ावा देना
   B. राजस्थान में नहरें बनाना
   C. जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में भूमिगत जल का संरक्षण
   D. बोतलबंद पानी की आपूर्ति (C)

***व्याख्या :*** यह योजना भूमिगत जल संरक्षण और जल उपयोग में व्यवहारिक बदलाव पर केंद्रित है।

10. **'खडीन' और 'जोहड़' का उपयोग किस क्षेत्र में किया जाता है?**
    A. मेघालय
    B. आंध्र प्रदेश
    C. राजस्थान
    D. तमिलनाडु (C)

***व्याख्या :*** खडीन और जोहड़ राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में पारंपरिक जल संचयन के तरीके हैं।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES